छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग,
(सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ)
::मंत्रालय::
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर
——00——

क्रमांक एफ 7–1/2021/1–13 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 29/01/2022

प्रति,

अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार)
छत्तीसगढ़ शासन,
समस्त संभागायुक्त,
समस्त कलेक्टर,
समस्त विभागाध्यक्ष,
छत्तीसगढ़।

विषय :— सामान्य प्रशासन विभाग की आर.टी.आई पोर्टल में पदनामित जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी का स्व–पंजीयन बाबत्।

——00——

उपरोक्त विषयांर्गत संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के आरटीआई पोर्टल में प्राप्त होने वाले आवेदनों के संबंध में आपके अधीनस्थ विभाग एवं मैदानी क्षेत्र के कार्यालयों में पदनामित जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी का आर.टी.आई पोर्टल URL - https://rtionline.cg.gov.in पर सभी संबंधितों के द्वारा स्व–पंजीयन किया जाना है। इस संबंध में पंजीयन हेतु पोर्टल पर मार्गदर्शिका उपलब्ध है। मार्गदर्शिका डाउनलोड करने के पश्चात् इसमें दिये गये निर्देशों के अनुसार पोर्टल पर सभी जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी स्व–पंजीयन करेंगे। यहां यह उल्लेखनीय है कि जनसूचना अधिकारी के स्व–पंजीयन किये जाने के बाद ही उनसे संबंधित प्रथम अपीलीय अधिकारी के पंजीयन की सुविधा पोर्टल पर उपलब्ध होगी, कृपया इसका विशेष ध्यान रखा जावें।

2/— समय–समय पर पदस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानांतरण होने पर नवीन पदनामित जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी अपनी जानकारी भी उक्त पोर्टल पर नियमित रूप से अद्यतन (Update) करेंगे।

3/-- अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को दिनांक 15.02.2022 तक अनिवार्य रूप से आर.टीआई पोर्टल पर स्व–पंजीयन करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

कृपया उपरोक्त कार्यवाही से इस विभाग को भी अवगत कराने का कष्ट करेंगे।

(मेरी खेस्स)
उप सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग

निरंतर 2/—

पृ.क्रमांक एफ 7–1/2021/1–13 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 29/01/2022

प्रतिलिपि –

1. अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय नवा रायपुर अटल नगर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सचिव, छ.ग. राज्य सूचना आयोग, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
3. राज्य सूचना अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (NIC), मंत्रालय नवा रायपुर, अटल नगर. रायपुर छ0ग0) की ओर उनके पत्र एनआईसी/सीएससी/2020–21/299/8SS दिनांक 24.1.2021 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित ।

उप सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग